हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

12 निजीकरण के विरोध में थर्मल खेदड़ में किया प्रदर्शन



12 राखीगढ़ी महोत्सव की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता...



खबर संक्षेप



निगम की टीम ने 31 पशु पकड़े, गोअभयारण्य भेजे

हिसार। नगर निगम के द्वारा शहर में बेसहारा पशुओं को पकड़ने का अभियान लगातार जारी है। इसी कड़ी में निगम की पशु पकड़ो टीम ने नई सब्जी मंडी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 31 बेसहारा पशुओं को पकड़ा और उन्हें गोअभयारण्य पहुंचाया। पशु पकड़ो टीम ने रोहित एएसआई की निगरानी में अभियान चलाकर पशुओं को पकड़ा। एएसआई ने बताया की निगम प्रशासन के निर्देशानुसार पशुओं को पकड़कर गोअभयारण्य पहुंचाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेंगी।



रेलवे स्टेशन रोड व टाउन पार्क के पास कब्जे हटाए

हिसार। नगर निगम की टीम ने बुधवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि टीम ने टाउन पार्क के आसपास से अतिक्रमण हटाकर एक खोखा जब्त किया। इसके बाद टीम ने रेलवे स्टेशन रोड पर 4 से 5 रेहड़ी संचालकों का सामान जब्त किया। इस दौरान राजगुरु मार्केट, बालाजी मार्केट, पूजा मार्केट, आर्य बाजार और बिश्नोई मार्केट में भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इसके अलावा तलाकी गेट से विश्वकर्मा धर्मशाला तथा बस स्टैंड से सिरसा चुंगी तक भी टीम ने सार्वजनिक स्थानों से अतिक्रमण हटाया। इसके अलावा टीम ने एयरपोर्ट चौक से सिरसा चुंगी मेन रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

अवैध शराब तस्करी में दो लोग गिरफ्तार

हिसार। जिला में पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आदमपुर और अग्रोहा थाना क्षेत्र से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से देशी शराब की कुल 34 बोतल बरामद की हैं। अग्रोहा थाना पुलिस ने शराब तस्करी में इस्तेमाल की जा रही एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस के अनुसार, आदमपुर पुलिस ने गांव सदलपुर निवासी रमेश को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से देशी शराब मार्का माल्टा की 22 बोतल बरामद हुईं। अग्रोहा थाना पुलिस ने अग्रोहा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए ढाणी बड़वाली निवासी कपिल को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से देशी शराब मार्का माल्टा मस्ती की 12 बोतल बरामद की गईं। पुलिस ने इस मामले में एक मोटरसाइकिल भी जब्त की है।

चौधरीवास टोल प्लाजा के पास हादसा, सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस

सालासर धाम की पैदल यात्रा बनी आखिरी सफर, वाहन की टक्कर से श्रद्धालु की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सालासर धाम में दर्शन करने की आस्था लेकर घर से निकले आजाद नगर निवासी 36 वर्षीय विक्रम की यात्रा चौधरीवास टोल प्लाजा के पास दर्दनाक हादसे में खत्म हो गई। मंगलवार तड़के पैदल जा रहे विक्रम को पीछे से आए वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल विक्रम की मौत हो गई। वह अपने बड़े भाई संदीप, चचेरे भाई अजय और अन्य लोगों के साथ सालासर जा रहा था। परिवार में दो छोटे बेटे हैं, जिनकी उम्र पांच और दो साल है।

मृतक के साले सत्यजीत के अनुसार विक्रम मंगलवार सुबह परिजनों के साथ पैदल सालासर धाम के लिए निकला था। यात्रा के दौरान सभी लोग सड़क पर आगे-पीछे चल रहे थे। चौधरीवास टोल प्लाजा पार करने के बाद तड़के करीब चार बजे पीछे से तेज रफ्तार में आए एक वाहन ने विक्रम को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क किनारे कच्चे रास्ते पर जा गिरा और उसका सिर जमीन से टकरा गया।

साथ चल रहे परिजनों ने तुरंत विक्रम को संभाला और उपचार के लिए हिसार के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया। बुधवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। विक्रम प्राइवेट नौकरी करता था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। दो छोटे बच्चों के सिर से पिता का साया उठने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टक्कर मारकर फरार हुए वाहन की पहचान के लिए चौधरीवास टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस हादसे की परिस्थितियों का पता लगाने में जुटी है।



हांसी-भिवानी रोड पर खड़े कैंटर से टकराई सवारियों से भरी रोडवेज बस, कंडक्टर सहित चार घायल

हांसी। हांसी-भिवानी रोड पर रोहतक-हांसी रेलवे लाइन पार करने के बाद हरियाणा रोडवेज की बस सड़क किनारे खड़े कैंटर से टकरा गई। हादसे में बस का अगला शीशा टूट गया और कंडक्टर गजेंद्र सहित करीब तीन से चार यात्रियों को चोटें आईं। घायलों को हांसी के सामान्य अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हादसे के समय बस में करीब 60 यात्री सवार थे। टक्कर के बाद यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, रोडवेज बस हिसार से चरखी दादरी जा रही थी। चालक रामपाल ने बताया कि वह बुधवार दोपहर करीब डेढ़ बजे हिसार से बस लेकर रवाना हुआ था। ढाणी कुशाल से आगे रोहतक-हांसी रेलवे लाइन पार करने के बाद पीछे से आ रही एक कार को बचाने के प्रयास में उसे बस मोड़नी पड़ी। इसी दौरान सड़क किनारे खड़े कैंटर का बाहर निकला हुआ कोना बस से टकरा गया। टक्कर से बस का अगला शीशा टूट गया और कुछ यात्रियों को चोटें आईं।



कैंटर खड़ा कर खाना खाने गया था चालक

कैंटर मालिक संजय के अनुसार, उनका चालक सिकंदरपुर निवासी अंकित कैंटर को सड़क किनारे खड़ा करके खाना खाने के लिए घर गया हुआ था। इसी दौरान रोडवेज बस ने कैंटर को टक्कर मार दी, जिससे कैंटर सड़क से करीब दो से तीन फीट नीचे उतर गया और उसे काफी नुकसान पहुंचा। संजय ने आरोप लगाया कि घटनास्थल से करीब 10 मीटर पीछे ब्रेकर है। उनके अनुसार, रोडवेज बस तेज गति से आ रही थी और ब्रेकर पार करने के बाद चालक बस पर नियंत्रण नहीं रख पाया, जिससे हादसा हुआ। वहीं, बस चालक ने कार को बचाने के प्रयास में दुर्घटना होने की बात कही है। हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। बवानी खेड़ा पुलिस ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। हादसे के वास्तविक कारणों का पता पुलिस जांच के बाद ही चल सकेगा।

दीवाली पर बाजारों में बढ़ेगी पुलिस गश्त, सिविल वर्दी में भी तैनात रहेंगे जवानः एसपी

हिसार। दीवाली पर बाजारों में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करने की तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने सभी अधिकारियों और थाना प्रभारियों को भीड़भाड़ वाले बाजारों, प्रमुख खरीदारी केंद्रों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। बाजारों में वर्दी के साथ सिविल वर्दी में भी पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे, ताकि जेबकतरी, चोरी, वाहन चोरी और महिलाओं से छेड़छाड़ जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। एसपी ने स्पष्ट किया है कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करने और प्रमुख बाजारों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। बाजारों में पैदल गश्त के साथ पुलिस वाहनों से भी नियमित गश्त की जाएगी। भीड़ बढ़ने के दौरान अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा। पुलिसकर्मियों को संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा संदिग्ध परिस्थिति की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

यातायात व्यवस्था पर भी रहेगा जोर

त्योहार के दौरान बाजारों में यातायात सुचारू बनाए रखने के लिए भी विशेष प्रबंध किए जाएंगे। पुलिस अधिकारियों को अनावश्यक रूप से वाहन खड़े करने, रास्तों में अवरोध पैदा करने और आपातकालीन वाहनों की आवाजाही में बाधा डालने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया है। अधिकारियों को स्वयं सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की सतर्कता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। महिला सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। बाजारों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित संचालकों से समन्वय स्थापित किया जाएगा।

पेट्रोल पंप के पास घूमते युवक को पिस्तौल-कारतूस समेत धरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

सीआईए-2 हांसी की टीम ने अवैध हथियार रखने के आरोप में पेटवाड़ निवासी सिकेन्द्र उर्फ भोलू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की तलाशी के दौरान उसकी पैंट की जेब से एक पिस्तोल और दो जिंदा रौंद बरामद किए। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ थाना सदर हांसी में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मुख्य सिपाही मनीष कुमार ने बताया सीआईए-2 की टीम गश्त और जांच के सिलसिले में बस अड्डा जमावड़ी के क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सूचना मिली कि सिकेन्द्र उर्फ भोलू कुम्भा से आगे पेटवाड़ रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास घूम रहा है और उसके पास अवैध हथियार है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच वहां खड़े एक युवक को रोक कर जब शक के आधार पर तलाशी लेने पर आरोपी की पैंट की जेब से एक पिस्तौल और दो जिंदा रौंद मिले। हथियार और कारतूस रखने का लाइसेंस मांगे जाने पर आरोपी कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने बरामद हथियार और कारतूस को कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच आरंभ कर दी है।



हांसी। अवैध पिस्तौल व दो कारतूस के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

किसान के घर ताला लगाने पहुंचे फाइनेंस कर्मी को लौटाया बैरंग

नारनौंद। मदनहेड़ी में फाइनेंस कंपनी की जबरन ताला लगाने की कार्रवाई का किसान संगठनों ने किया विरोध किया तो किसान नेताओं के विरोध के बाद प्रशासन को बैरंग लौटना पड़ा। गांव मदनहेड़ी में एक फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी पुलिस कर्मचारियों को साथ लेकर ग्रामीण सुनील और लीला चहल के घर पर जबरन ताला लगाने पहुंचे। इसकी सूचना मिलते ही भारतीय किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष विकास सीसर तथा भारतीय किसान मजदूर समिति के महासचिव धर्मपाल बड़ाला के नेतृत्व में किसान-मजदूर संगठनों की पूरी टीम मौके पर पहुंची और इस कार्रवाई का कड़ा विरोध किया। किसान नेताओं ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों और पुलिस प्रशासन से लंबी चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण सवाल उठाए। किसान नेताओं ने विरोध जताते हुए नारेबाजी भी की। कड़े विरोध और सवाल-जवाब के बाद फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों को घर पर ताला लगाए बिना ही लौटना पड़ा। इस दौरान संदीप चहल, बबलू खरड़, कुलवंत देपल, दलबीर खरड़, सोमबीर भगाना, जोगेंद्र मय्यड़ मौजूद रहे।

गूगल पर डॉक्टर का नंबर खोजना पड़ा महंगा हांसी के फार्मेसी अधिकारी से 93,500 की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

गूगल पर डॉक्टर का संपर्क नंबर तलाशकर बच्चे की अपॉइंटमेंट बुक करना हांसी नागरिक अस्पताल में तैनात फार्मेसी अधिकारी मुकेश कुमार को महंगा पड़ गया। पीड़ित का आरोप है कि ऑनलाइन बुकिंग के नाम पर भेजे गए लिंक से मोबाइल में संदिग्ध ऐप डाउनलोड करवाकर उनके बैंक खाते से 93,500 रुपये निकाल लिए गए। ठगी का पता चलने पर उन्होंने बैंक और राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई है।

मुकेश कुमार के अनुसार, 11 तारीख को उन्होंने अपने बच्चे को दिखाने के लिए हिसार स्थित आस्था अस्पताल का नंबर गूगल पर सर्च किया। मिले नंबर पर संपर्क करने पर सामने वाले ने खुद को अस्पताल का प्रतिनिधि बताया और अपॉइंटमेंट बुक करने के लिए एक लिंक भेजा। लिंक खोलने पर मोबाइल में ऐप डाउनलोड हुई, जिसमें बच्चे की जानकारी भरने के बाद 500 रुपये परामर्श फीस दिखाई गई।

भुगतान नहीं हुआ तो नकद फीस देने को कहा

पीड़ित ने बताया कि उन्होंने गूगल पे से फीस चुकाने का प्रयास किया, लेकिन ट्रांजैक्शन सफल नहीं हुआ। इसके बाद कथित प्रतिनिधि ने अस्पताल पहुंचकर नकद भुगतान करने को कहा। इमरजेंसी काम आने पर उन्होंने 15 से 20 मिनट बाद दोबारा फोन कर अपॉइंटमेंट रद्द करवा दी। उनके अनुसार, फोन पर महिला ने बुकिंग रद्द होने की पुष्टि भी की।

पंजाब नेशनल बैंक और साइबर हेल्पलाइन पर की शिकायत

मुकेश कुमार ने पंजाब नेशनल बैंक की हांसी शाखा और साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। उनका कहना है कि जिस नंबर से संपर्क किया गया और जो लिंक भेजा गया था, वे बाद में बंद हो गए। शिकायत के बाद उन्हें जांच के संबंध में कोई नया अपडेट नहीं मिला था। उन्होंने लोगों से अपील की कि गूगल पर मिले नंबर को अस्पताल का आधिकारिक संपर्क मानने से पहले उसकी पुष्टि करें।

15-20 मैसेज और ओटीपी आए, बाद में खाते से निकले पैसे

मुकेश कुमार का कहना है कि बुकिंग रद्द कराने के तुरंत बाद उनके मोबाइल पर लगातार 15 से 20 मैसेज और ओटीपी आने लगे। व्यस्तता के कारण उन्होंने इन पर ध्यान नहीं दिया। 14 तारीख को अस्पताल से छुट्टी के बाद बैंक खाते से रकम कटने के संदेश मिले तो ठगी का पता चला। पीड़ित के फार्मेसिस्ट के अनुसार, दो ट्रांजेक्शन में 49,500 और 44,000 रुपये निकाले गए। पहली रकम कथित तौर पर टापू विश्वास और दूसरी मिस्टर सुज गेन के नाम से जुड़े यूपीआई खातों में भेजी गई। उन्होंने दावा किया कि पैसे निकलने वाले दिन उन्होंने कोई ओटीपी या यूपीआई पिन साझा नहीं किया। उन्हें संदिग्ध ऐप या ऑटो-पे सुविधा के दुरुपयोग की आशंका है, हालांकि रकम निकालने का वास्तविक तरीका जांच के बाद ही स्पष्ट होगा।

बरवाला और आदमपुर में तेज होगी विकास की रफ्तार

3.88 करोड़ रुपये से संवरेंगे ग्रामीण रास्ते, चार प्रमुख कार्यों को प्रशासनिक मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। बरवाला और आदमपुर विधानसभा क्षेत्रों में सड़क निर्माण, सुदृढ़ीकरण और इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक लगाने के चार महत्वपूर्ण कार्यों के लिए 3 करोड़ 88 लाख 3 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इसी के तहत गांव डाबड़ा और ढाणी मोहब्बतपुर में विकास कार्यों का खाका तैयार किया गया है।

इन कार्यों को मिली हरी झंडी

- **डाबड़ा-लाडवा रोड से दक्षिणी फिरनी:** नई सड़क के निर्माण पर खर्च होंगे 1 करोड़ 82 लाख 38 हजार रुपये।
- **दक्षिणी फिरनी से डाबड़ा-लाडवा रोड:** 1 करोड़ 12.48 लाख रुपये से होगा सुदृढ़ीकरण कार्य।
- **उत्तरी फिरनी से डाबड़ा-लाडवा रोड:** नई सड़क के निर्माण के लिए 70 लाख 39 हजार रुपये स्वीकृत किए गए हैं।
- **ढाणी मोहब्बतपुर:** आदमपुर से झांसल सड़क के किनारे इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य पर 22 लाख 78 हजार रुपये खर्च होंगे।

ग्रामीण जीवन होगा सुगमः रणबीर गंगवा



लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए संकल्पबद्ध है। उन्होंने कहा कि अच्छी सड़कें होने से किसानों को अपनी फसल मंडियों तक लाने, विद्यार्थियों को शिक्षण संस्थानों तक पहुंचने और आमजन को आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने में खासी सुविधा मिलती है। सरकार का उद्देश्य गांवों को बेहतर सड़क संपर्क देना है ताकि ग्रामीण जीवन और अधिक सुगम बन सके। मंत्री रणबीर गंगवा ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि स्वीकृत किए गए सभी विकास कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूरा किया जाए। निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि ग्रामीणों को इन सड़कों का दीर्घकालिक लाभ मिल सके।



कैबिनेट मंत्री ने एयरपोर्ट पर व्यवस्थाओं का जायजा ले विकास कार्यों पर की चर्चा

अग्रोहा पुरातात्विक स्थल के संरक्षण व विकास कार्यों का निरीक्षण कर संग्रहालय व लाइट एंड साउंड शो की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने बुधवार को महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ हवाई अड्डे पर चल रहे कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कैबिनेट मंत्री ने मेयर प्रवीण पोपली के साथ अधिकारियों से विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति, प्रगति और आगामी कार्ययोजना के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हवाई अड्डे से संबंधित विकास कार्यों को निर्धारित समयसीमा में पूरा करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कार्यों की नियमित निगरानी करने, गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को गति देने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी के साथ काम करना चाहिए, ताकि निर्धारित लक्ष्यों को समय पर हासिल किया जा सके। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डा हिसार और आसपास के क्षेत्र के विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। हवाई अड्डे से संबंधित सुविधाओं और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाना चाहिए। कैबिनेट मंत्री ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा स्थापित किए जाने को लेकर भी हवाई अड्डे के परिसर में उपयुक्त स्थान के जल्द से जल्द चयन करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यों में आने वाली समस्याओं का समय रहते समाधान किया जाए और प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए।

प्रस्तावित खुदाई कार्यों के बारे में भी ली विस्तृत जानकारी

कैबिनेट मंत्री ने अग्रोहा स्थित पुरातत्व स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थल पर प्रस्तावित संग्रहालय और लाइट एंड साउंड शो को लेकर किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से अब तक की गई खुदाई तथा आगामी चरणों में प्रस्तावित खुदाई कार्यों के बारे में विस्तार से चर्चा की। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि अग्रोहा का ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व प्रदेश की गौरवशाली विरासत का अहम हिस्सा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुरातत्व स्थल के संरक्षण और विकास से जुड़े कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ाया जाए। इस अवसर पर मेयर प्रवीण पोपली सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

परशुराम स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लिखी आत्मनिर्भरता की नई कहानी

पराली से हर माह ₹30,000 कमा रही टीम मोनिका

राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से आकर्षक उत्पाद तैयार कर हर महीने कमा रहीं 30 हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

जिस धान की पराली को अक्सर किसान फसल कटाई के बाद एक समस्या मानते हैं और जिसके जलने से पर्यावरण प्रदूषण की चिंता बढ़ती है, उसी पराली को रामराय गांव की महिलाओं ने अपनी आजीविका और आत्मनिर्भरता का आधार बना लिया है। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित परशुराम स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पराली से एक से बढ़कर एक आकर्षक, उपयोगी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद तैयार कर रही हैं। इन उत्पादों के माध्यम से न केवल महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं, बल्कि पराली प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और महिला सशक्तीकरण की दिशा में भी प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत कर रही हैं।



दिल्ली, गुजरात और नैनीताल तक मांग

समूह की प्रधान मोनिका ने बताया कि रामराय गांव की 14 महिलाओं ने मिलकर इस समूह की शुरुआत की थी। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत सरकार द्वारा समूह को पराली से कागज तैयार करने के लिए 5 लाख रुपये की मशीन निशुल्क उपलब्ध करवाई गई है। उन्होंने बताया कि 14 महिलाओं से शुरू हुए इस समूह ने अब गांव की करीब 40 अन्य महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ दिया है। महिलाएं अपने हाथों के हुनर से हर महीने औसतन 30 हजार रुपये तक कमा रही हैं। समूह हर साल 1 से 2 एकड़ की पराली खरीदता है। इनके उत्पादों की मांग केवल हरियाणा तक सीमित नहीं है, बल्कि गुजरात, दिल्ली और नैनीताल जैसे बड़े शहरों में भी काफी बनी हुई है।

स्टॉल पर उमड़ रही पर्यटकों की भीड़

अंतरराष्ट्रीय राखीगढ़ी महोत्सव में परशुराम स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉल पर पर्यटकों और आगंतुकों की अच्छी-खासी भीड़ उमड़ रही है। स्टॉल पर सजे पराली से बने लैंप, मोमबत्तियां, गिलास, गुलदस्ते, कलमदान, रंगीन रोशनी वाली सजावटी वस्तुएं, कागज से बने बैग और विभिन्न प्रकार के उपहार उत्पाद लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। इन उत्पादों की खासियत यह है कि इन्हें बेकार समझी जाने वाली कृषि अवशेष सामग्री से महिलाओं ने अपने हाथों और हुनर के दम पर तैयार किया है।

पराली से कागज और पॉलिथीन का विकल्प

महिलाएं पराली के अपशिष्ट हिस्से को बेकार फेंकने के बजाय उससे कागज तैयार करती हैं और फिर उससे आकर्षक बैग बनाए जाते हैं। ये बैग पॉलिथीन और सिंगल-यूज प्लास्टिक का एक बेहतरीन और सुरक्षित विकल्प साबित हो रहे हैं। परम्परगत सामान के अलावा महिलाएं नए प्रयोग भी कर रही हैं। समूह की प्रधान मोनिका ने बताया कि उन्होंने पराली के इस्तेमाल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का चित्र भी तैयार किया है। इसके अलावा ग्राहक अपनी पसंद के अनुसार पराली से अपना पोट्रेट या मनपसंद चित्र भी बनवा सकते हैं।

पचास वर्ष से अधिक उम्र के ऐसे लोग, जिन्हें बचपन में चिकन पॉक्स हो चुका है या किसी बीमारी की वजह से जिनकी इम्यूनिटी वीक है, उन्हें शिंगल्स डिजीज हो सकता है। यह बहुत पेनफुल वायरल इंफेक्शन है, जिससे बचाव के लिए वैक्सीन लगवा सकते हैं। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर दे रहे हैं बहुत यूजफुल एडवाइस।

पेनफुल डिजीज शिंगल्स वैक्सीन से संभव है बचाव



प्रिकॉशन



डॉ. विपुल गुप्ता
सीनियर फिजिशियन
नई दिल्ली

शिंगल्स रोग को हर्पीस जोस्टर भी कहा जाता है। यह वेरिसेला जोस्टर वायरस के इंफेक्शन से होने वाला एक पेनफुल डिजीज है। यह उन लोगों को हो सकता है, जिन्हें बचपन में कभी चिकन पॉक्स हो चुका है। दरअसल, चिकन पॉक्स ठीक होने के बाद उसके वायरस इनएक्टिव फॉर्म में रोगी के टिश्यूज में या स्पाइनल कॉर्ड की नर्व्स में पड़े रहते हैं। फिर जब व्यक्ति पचास वर्ष की उम्र को पार कर लेता है, किसी बीमारी की वजह से उसकी इम्यूनिटी वीक हो जाती है तो ये वायरस फिर से एक्टिव होकर उसकी बॉडी स्किन के किसी एक पार्ट पर छोटे-छोटे वेसिकल्स के रूप में सामने आ सकते हैं, जिसे शिंगल्स कहते हैं। इस रोग के होने की आशंका उन लोगों में ज्यादा होती है, जिन्हें डायबिटीज, बीपी, कैंसर, अस्थमा जैसे रोग होते हैं, क्योंकि उनकी इम्यूनिटी काफी कमजोर हो जाती है।



शिंगल्स के लक्षण: शिंगल्स, बॉडी के किसी एक निश्चित पार्ट की स्किन पर छोटे-छोटे दानों या पानी वाले फफोलों के रूप में होता है। ज्यादातर शरीर के ऊपरी हिस्से यानी थोरेसिक पार्ट में, आंखों के पास या बैक पार्ट में स्पाइन के आस-पास की स्किन पर होता है।

शिंगल्स होने से पहले स्किन के उस पार्ट में बहुत ज्यादा दर्द महसूस होता है। फिर उसी स्थान पर तीन से पांच दिनों के बाद इसके वेसिकल्स प्रकट होते हैं। फिर इनमें पानी भर जाता है। इससे जुड़ा सबसे कॉम्प्लीकेटेड आस्पेक्ट, पोस्ट हरपेटिक न्यूराल्जिया है। इसमें कुछ पेशेंट्स को शिंगल्स के ठीक होने के बाद भी कई दिन, महीने या कभी-कभी एक साल तक करेंट लगने जैसा पेन होता रहता है।

अब उपलब्ध है वैक्सीन: शिंगल्स के मामले में अच्छी बात यह है कि अब इससे बचाव के लिए इफेक्टिव वैक्सीन उपलब्ध है। हालांकि वैक्सीन पहले भी उपलब्ध थीं लेकिन वो ज्यादा इफेक्टिव नहीं होती थीं और उनके कुछ साइड इफेक्ट्स भी होते थे। लेकिन अब शिंगरिक्स नामक वैक्सीन की दो डोज इससे बचाव करने में काफी कारगर है। इस वैक्सीन की दो डोज को दो से छह महीने के अंतराल पर लगाया जाता है। इसकी एफिशिएंसी 90 प्रतिशत से ज्यादा पाई गई है। इसलिए पचास वर्ष से ऊपर के ऐसे लोग, जिन्हें बचपन में स्मॉल या चिकन पॉक्स हो चुका है या जो बीपी, शुगर, अस्थमा के पेशेंट हैं या फिर जो इम्यूनोथेरेपी ले रहे हैं, वे शिंगल्स जैसे पेनफुल डिजीज से बचने के लिए यह वैक्सीन अपने डॉक्टर से कंसल्ट कर लगवा सकते हैं।

ट्रीटमेंट का तरीका: जहां तक शिंगल्स के उपचार की बात है तो इसके पेशेंट्स को एंटीवायरल मेडिसिन दी जाती हैं। चूंकि यह बहुत पेनफुल डिजीज है, इससे राहत के लिए कई बार पेशेंट की कंडीशन के अनुसार नर्व्स को सुन्न करने वाली दवाएं भी दी जाती हैं। लेकिन इन दवाओं को देने के बाद भी कई बार पेशेंट को दर्द से पूरी राहत नहीं मिल पाती है। पेशेंट अपने रोजमर्रा के काम भी नहीं कर पाता है। इसीलिए इससे बचाव के लिए वैक्सीन लगवाना ही कारगर उपाय है। *

प्रस्तुति: विज्ञान भूषण

डॉक्टर्स एडवाइस

डॉ. राजेश कालिटा
जनरल मेडिसिन स्पेशलिस्ट, दिल्ली

बदलते मौसम में बढ़ जाता है कई बीमारियों के होने का रिस्क

मौसम में बदलाव का असर केवल तापमान पर ही नहीं, बल्कि हमारी सेहत पर भी पड़ता है। कभी सुबह और शाम हल्की ठंडक, तो कभी दिन में गर्मी, उमस, बारिश और बढ़ता वायु प्रदूषण शरीर के लिए कई तरह के रोगों के होने का रिस्क बढ़ा देता है। इनसे बचाव के लिए पूरी सावधानी बरतते हुए यहां दिए जा रहे सुझावों पर अमल करें।







इन दिनों मौसम में बदलाव हो रहा है। सुबह-शाम, रात में ठंड तो दिन में गर्मी लगती है। मच्छरों का प्रकोप और प्रदूषण भी बढ़ रहा है। इससे कई बीमारियों का रिस्क बढ़ गया है।

इन रोगों का बढ़ता है रिस्क

सर्दी-जुकाम और फ्लू: यह इस मौसम की सबसे आम समस्या है। इसमें नाक बहना या बंद होना, छींकें आना, गले में खराश, हल्का बुखार, बदन दर्द और थकान जैसे लक्षण दिखते हैं। सामान्य जुकाम आमतौर पर 5-7 दिन में ठीक हो जाता है, जबकि फ्लू (इंफ्लूएंजा) में बुखार तेज होता है और कमजोरी अधिक रहती है। यह एक व्यक्ति से दूसरे में खांसने-छींकने और हाथ मिलाने से आसानी से फैलता है।

गले का संक्रमण: टॉन्सिलाइटिस और फेरिन्जाइटिस जैसे गले के संक्रमण में गले में दर्द, निगलने में तकलीफ, आवाज बैठना और कभी-कभी बुखार होता है। ठंडी चीजों का सेवन और अचानक तापमान बदलना इसके प्रमुख कारण हैं। बच्चों में यह समस्या अधिक देखी जाती है।

खांसी और ब्रोंकाइटिस: लगातार खांसी, सीने में जकड़न, बलगम और सांस लेते समय घरघराहट, ब्रोंकाइटिस के लक्षण हो सकते हैं। यदि खांसी दो-तीन हफ्ते से अधिक चले, तो डॉक्टर को अवश्य दिखाना चाहिए।

एलर्जी और अस्थमा: धूल, धुएं, परागकणों और प्रदूषण के कारण आंखों में खुजली, लगातार छींकें, नाक से पानी बहना और त्वचा पर चकत्ते हो सकते हैं। अस्थमा या दमे के मरीजों में सांस फूलना, सीटी जैसी आवाज और सीने में भारीपन बढ़ जाता है। प्रदूषण के दिनों में यह समस्या गंभीर रूप ले सकती है।

वायरल फीवर: इसमें तेज बुखार, सिरदर्द, बदन टूटना, कमजोरी और कभी-कभी उल्टी या दस्त की शिकायत होती है। यह आमतौर पर 3 से 5 दिन में ठीक हो जाता है, पर आराम और पर्याप्त तरल पदार्थ जरूरी हैं।



डेंगू और मलेरिया: बरसात के बाद मौसम बदलने के दौरान रुके हुए पानी में मच्छर पनपते हैं। डेंगू, एडीज मच्छर के काटने से होता है, जिसमें तेज बुखार, तेज सिरदर्द, आंखों के पीछे दर्द, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द तथा शरीर पर दाने हो सकते हैं। मलेरिया में ठंड लगकर बुखार आता है और पसीना आकर उतर जाता है। इन दोनों बीमारियों में देरी करना जानलेवा हो सकता है, इसलिए तुरंत जांच कराना आवश्यक है।

पेट के संक्रमण: दूषित पानी और बासी भोजन से दस्त, उल्टी, पेट दर्द, फूड पॉइजनिंग, टाइफाइड और पीलिया (हेपेटाइटिस-ए) जैसी बीमारियां हो सकती हैं। इनमें शरीर में पानी की कमी (डिहाइड्रेशन) सबसे बड़ा खतरा है।

जोड़ों का दर्द और अकड़न: ठंडे और नम मौसम में गठिया के रोगियों और बुजुर्गों के जोड़ों का दर्द बढ़ जाता है। सुबह उठने पर अकड़न महसूस होती है।

त्वचा और आंखों की समस्याएं: मौसम में नमी, धूल, प्रदूषण और एलर्जी के कारण त्वचा में खुजली, चकत्ते, रूखापन तथा आंखों में जलन या पानी आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। पसीने और नमी के कारण कुछ लोगों में फंगल संक्रमण का खतरा भी बढ़ सकता है।

रोगों के कारण

इस मौसम में होने वाले तमाम तरह के रोगों के कई कारण हो सकते हैं।

तापमान में उतार-चढ़ाव: दिन में गर्मी और रात में ठंड होने से शरीर को बार-बार अपना तापमान संतुलित करना पड़ता है। इससे शरीर पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है और इम्यून सिस्टम कमजोर हो सकता है।

वायरस का संक्रमण: फ्लू और सर्दी-जुकाम के वायरस ठंडे और शुष्क मौसम में ज्यादा सक्रिय रहते हैं।

नमी और गंदा पानी: बरसात के बाद जगह-जगह पानी जमा हो जाता है, जिसमें मच्छर पनपते हैं। साथ ही दूषित पानी से पेट की बीमारियां फैलती हैं।

एलर्जी के कारक: धूल, परागकण (पोलन), फफूंद और प्रदूषण के कण हवा में बढ़ जाते हैं, जो एलर्जी और दमे के रोगियों को परेशान करते हैं।

खान-पान में लापरवाही: मौसम के अनुसार खान-पान और सोने-जागने के समय में बदलाव न करने से भी शरीर बीमार पड़ जाता है।

बचाव है संभव

इस मौसम में होने वाले रोगों से बचने के लिए आप कुछ उपाय आजमा सकते हैं।

लें पौष्टिक आहार: घर का ताजा और गर्म खाना खाएं। बाहर का खुला और तला-भुना भोजन, कटे हुए फल और बासी खाने से बचें। मौसमी फल, हरी सब्जियां, दालें, साबुत अनाज और प्रोटीन युक्त भोजन लें। विटामिन-सी युक्त खाद्य पदार्थ, जैसे अमरूद, आंवला, संतरा और नीबू का सेवन करें। भोजन में हल्दी, अदरक, लहसुन, तुलसी और काली मिर्च का प्रयोग करें, जो प्राकृतिक रूप से संक्रमण से लड़ने में सहायक माने जाते हैं। सूखे मेवे, दालें और अंकुरित अनाज प्रोटीन और ऊर्जा के अच्छे स्रोत हैं। बहुत अधिक मीठे पेय पदार्थों और अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का सेवन सीमित रखें।

हाइड्रेशन का रखें ध्यान: हमेशा उबला हुआ या फिल्टर किया हुआ पानी पिएं। दिनभर में पर्याप्त पानी पिएं। गुनगुना पानी, सूप, दाल का पानी और अदरक-तुलसी का काढ़ा भी लाभकारी है।

बीमार व्यक्ति से रहें दूर: सर्दी-खांसी वाले व्यक्ति से उचित दूरी बनाएं। यदि आप स्वयं बीमार हैं, तो घर पर आराम करें, ताकि संक्रमण दूसरों तक न फैले। खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को टिश्यू या कोहनी से ढकें। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें।

पर्सनल हाइजीन का रखें ध्यान: हाथों को साबुन से कम से कम 20 सेकेंड तक धोएं, खासकर खाने से पहले, शौचालय के बाद और बाहर से आने पर। आंख, नाक और मुंह को बिना हाथ धोए न छुएं।

पहनें सही ड्रेस: परतों में ड्रेसेस पहनें, ताकि गर्मी या ठंड के हिसाब से उन्हें कम या ज्यादा किया जा सके। सुबह-शाम की ठंड से बचने के लिए हल्का जैकेट या शॉल साथ रखें। पसीने में भीगे कपड़े तुरंत बदलें और अचानक एसी या ठंडे कमरे से तेज गर्मी में न जाएं। एसी का तापमान 24-26 डिग्री से कम न रखें।

नाक, गले की देखभाल: जुकाम की शुरुआत में दिन में एक-दो बार भाप लें। गुनगुने पानी में चुटकी भर नमक डालकर दिन में 2-3 बार गरारे करें। सलाइन नेजल स्प्रे या ड्रॉप, धूल और एलर्जी में आराम देते हैं।

मच्छरों से सुरक्षा: घर के आस-पास पानी जमा न होने दें। कूलर, गमलों, टायरों और छत पर रखे बर्तनों का पानी हर सप्ताह बदलें या खाली करें। खिड़कियों पर जाली लगवाएं और सोते समय मच्छरदानी या रिपेलेंट का उपयोग करें। पूरी बांह के कपड़े पहनें, खासकर सुबह और शाम के समय। नालियों की सफाई और कीटनाशक के छिड़काव में सहयोग करें।

प्रदूषण से करें बचाव: बाहर निकलने से पहले वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) देखें। प्रदूषण अधिक होने पर बाहरी गतिविधियां कम करें और जरूरत के अनुसार अच्छी फिटिंग वाला एन-95 मास्क पहनें। सुबह की सैर तब करें जब हवा की गुणवत्ता बेहतर हो। प्रदूषण अधिक हो तो घर के अंदर हल्का व्यायाम करें। प्रदूषण अधिक होने पर खुले में व्यायाम करने से बचें। घर में एयर प्यूरीफायर या घर के अंदर लगाए जाने वाले पौधे उपयोगी हो सकते हैं। दमे और एलर्जी के मरीज अपनी दवाइयां और इनहेलर हमेशा साथ रखें। सार्वजनिक जगहों पर खासकर बंद जगहों (बस, मेट्रो, बाजार) में जाना यथासंभव अवॉयड करें। जरूरत के अनुसार मास्क पहनें।

करें व्यायाम: प्रतिदिन 5-10 मिनट डीप ब्रीदिंग, अनुलोम-विलोम करें। कम से कम 30 मिनट टहलें, योग या प्राणायाम करें। तनाव कम करने के लिए ध्यान, संगीत या परिवार के साथ समय बिताएं। रोज 7 से 8 घंटे की नींद भी जरूर लें। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

इन बातों का भी रखें ध्यान



गुनगुने पानी से गरारे, अदरक-तुलसी की चाय, हल्दी वाला दूध और भाप लेना हल्के सर्दी-जुकाम में आराम पहुंचा सकता है। लेकिन यदि लक्षण गंभीर हों या कुछ दिनों में ठीक न हों, तो घरेलू नुस्खों पर निर्भर रहने की बजाय चिकित्सक से परामर्श करना चाहिए। बच्चों को स्कूल भेजते समय मौसम के अनुसार कपड़े पहनाएं, हैंड हाइजीन रखना सिखाएं और उन्हें ठंडे पेय और आइसक्रीम से कुछ समय के लिए दूर रखें। बुजुर्गों को नियमित दवाइयां समय पर देना, गर्म कपड़े पहनाना और ब्लड प्रेशर तथा शुगर की जांच कराते रहना जरूरी है। डॉक्टर की सलाह के बिना कोई दवा, विशेषकर बुखार या खांसी की सिरप न दें। इंफ्लूएंजा वैक्सीन लगवा सकते हैं। लेकिन बच्चों, 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों, गर्भवती महिलाओं, दमा, मधुमेह या हृदय रोग से पीड़ित लोगों को इसके बारे में डॉक्टर से सलाह लें।

हर्बल जोन

रेखा देशराज

आंवले का सेवन करना है फायदेमंद

इन दिनों सब्जी-फल मार्केट में आंवला खूब बिक रहा है। यह सिर्फ विटामिन-सी का भंडार ही नहीं है बल्कि कई रोगों से बचाव में भी सहायक है। इसीलिए हमारे खान-पान से लेकर अनेक तरह की पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में आंवले का प्रयोग सदियों से हो रहा है। कभी दादी-नानी के मुरब्बे, कभी खट्टी, कसैली या तीखी स्वाद वाली चटनी, तो कभी आंवले का जूस, कभी आंवले का अचार। इस फल को अनेक तरीकों से सेहत और स्वाद दोनों के लिए खाया जाता है।

विटामिन-सी का खजाना: आंवले की सबसे बड़ी पोषण विशेषता इसमें मौजूद विटामिन-सी है। यह विटामिन शरीर में कोलेजन के निर्माण, घाव भरने की प्रतिरक्षा तंत्र के सामान्य कामकाज में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आंवला एक एंटीऑक्सीडेंट है, जो कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव क्षति से बचाने में मददगार होता है। आंवला खाना शरीर को जरूरी पोषण देने का एक तरीका है। लेकिन इसे किसी बीमारी का पूर्णतः इलाज नहीं समझना चाहिए।



ये भी होते हैं पोषक तत्व: आंवले में विटामिन-सी के अलावा भी अनेक महत्वपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं। मसलन पॉलिफेनॉल जैसे जैव सक्रिय यौगिक। ये यौगिक शरीर में ऑक्सीडेटिव तनाव से जुड़ी प्रक्रियाओं पर प्रभाव डाल सकते हैं। यह रक्त में वसा के स्तर, रक्त शर्करा और शरीर में सूजन से संबंधित समस्याओं पर बेहद सकारात्मक परिणाम देता है।

नियमित रूप से आंवला खाने से मधुमेह, हृदय रोग या दूसरी गंभीर बीमारियों की रोकथाम में मदद मिलती है।

रखें ध्यान: जिन लोगों को गुर्दे की पथरी की समस्या हो, उन्हें विशेष रूप से अधिक मात्रा में आंवले का रस या इस पर केंद्रित सप्लीमेंट लेने से पहले अपने डॉक्टर से इस पर गंभीरता से सलाह लेना चाहिए। अधिक चीनी वाले आंवले का मुरब्बा भी सीमित मात्रा में सेवन करने चाहिए। डॉक्टर से कंसल्ट कर ही इसकी मात्रा निर्धारित करें।

ऐसे करें सेवन: ताजा आंवला अच्छी तरह धोकर काटें और अपनी सहनशीलता के अनुसार थोड़ी मात्रा से खाना शुरू करें।

चटनी के रूप में आंवला खाने के लिए इसे धनिया, पुदीना और दूसरे मसालों के साथ तैयार कर सकते हैं। कद्दूकस किया हुआ आंवला गाजर या खीरे के सलाद में डालकर खा सकते हैं। बिना अतिरिक्त चीनी वाले आंवला के रस को पिएं, लेकिन इसे पानी का विकल्प न मानें। आंवले का मुरब्बा या कैंडी खाते समय चीनी की मात्रा का ध्यान जरूर रखें। *

प्रिकॉशन

ललिता गोयल

अगर आप भी अकसर अपनी गोद में लैपटॉप रखकर काम करते हैं तो सावधान हो जाएं, क्योंकि इससे कई तरह के हेल्थ इश्यूज हो सकते हैं। इन प्रॉब्लम्स और इनसे बचने के उपायों के बारे में जानिए।

क्या आप भी करते हैं गोद में लैपटॉप लेकर काम



आज के डिजिटल दौर में कंप्यूटर और लैपटॉप हम सबकी रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुके हैं। पढ़ाई हो, ऑफिस का काम हो या ऑनलाइन मीटिंग, घंटों लैपटॉप के सामने बिताना अब आम बात हो गई है और अकसर लोग टेबल-कुर्सी पर बैठने के बजाय लैपटॉप को गोद में रखकर काम करना आसान समझते हैं। चाहे सोफे पर या बिस्तर पर बैठना हो गोद में लैपटॉप रखकर काम करना आरामदायक और सुविधाजनक लगता है, लेकिन ऐसा करना सेहत के लिए बेहद हार्मफुल साबित हो सकता है। लैपटॉप से निकलने वाली हीट त्वचा और अंदरूनी टिशू को प्रभावित करती है, जिससे शरीर को कई तरह की गंभीर परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं। यहां जानते हैं कि लैपटॉप को गोद में रखकर काम करने से आपको किन दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

आंखों पर असर: लंबे समय तक पास रखकर लैपटॉप पर काम करने से आंखों में ड्रायनेस, सूजन, पानी आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

नींद न आना: गोद में लैपटॉप रखकर काम करते समय स्क्रीन आंखों के काफी करीब होती है। इससे निकलने वाली नीली रोशनी आंखों में सूखापन, जलन और थकान पैदा करती है। इसके कारण मस्तिष्क में 'मेलाटोनिन' हार्मोन का बनना कम हो जाता है, जिससे नींद न आने की समस्या होती है।

पुरुषों में इनफर्टिलिटी: पुरुषों में लैपटॉप की हीट का असर महिलाओं से ज्यादा होता है। जब लैपटॉप गोद में रखा होता है, तो स्क्रोटम का तापमान बढ़ जाता है। ज्यादा तापमान होने से पुरुषों की स्पर्म क्वालिटी कमजोर होने लगती है और इस वजह से फर्टिलिटी में समस्या आ सकती है और प्रजनन क्षमता प्रभावित हो सकती है।

रेडिएशन का असर: लैपटॉप को ज्यादा देर तक गोद में रखकर काम करने से लैपटॉप से निकलने वाली हीट लो फ्रीक्वेंसी रेडिएशन छोड़ते हैं और ब्लूटूथ कनेक्शन से ही रेडिएशन बाहर आती है और इस वजह से सिर दर्द की समस्या हो सकती है।

स्किन इंफेक्शन: लैपटॉप से निकलने वाली गर्म हवा के कारण त्वचा में जलन होने लगती है। लैपटॉप से निकलने वाली हीट के कारण स्किन पर रेड रैशेज आ सकते हैं। लंबे समय तक स्किन के संपर्क में लैपटॉप रखने से असामान्य त्वचा में छोटे-छोटे दाने हो सकते हैं।

पॉस्चर प्रॉब्लम: गोद में लैपटॉप रखकर इस्तेमाल करते रहने से कमर दर्द की समस्या हो सकती है। इससे शरीर के पॉस्चर पर भी असर हो सकता है। गर्दन में दर्द की शिकायत भी हो सकती है।

पीठ और कंधों में दर्द: गोद में लैपटॉप रखकर काम करते समय स्क्रीन आपकी आंखों के लेवल से काफी नीचे होती है। इस वजह से आपको गर्दन झुकाकर बैठना पड़ता है। लगातार इस स्थिति में रहने से रीढ़ की हड्डी का प्राकृतिक आकार बिगड़ने लगता है, जिससे सर्वाइकल, स्पॉन्डिलाइटिस और पीठ के निचले हिस्से में तेज दर्द की समस्या हो जाती है।

बचने के लिए क्या करें: इन सभी समस्याओं से बचने के लिए आप इन उपायों पर गौर कर सकते हैं।

- हमेशा लैपटॉप को एक टेबल पर रखकर इस्तेमाल करें।
- टेबल न हो, तो कुशन वाले लैप डेस्क या कूलिंग पैड का इस्तेमाल करें ताकि लैपटॉप की गर्मी सीधे शरीर तक न पहुंचे।
- हर 20 मिनट के काम के बाद 20 सेकेंड के लिए 20 फीट दूर किसी वस्तु को देखें।
- अपनी आदतों में यह छोटा-सा बदलाव करके आप रीढ़ की हड्डी, त्वचा और संपूर्ण सेहत को लंबे समय तक सुरक्षित रख सकते हैं। *

(जनरल फिजिशियन डॉ. तृप्ति अग्रवाल से बातचीत पर आधारित)

अवेयरनेस

डॉ. नरेश कुमार
सीनियर जनरल फिजिशियन
एलएनजेपी अस्पताल, दिल्ली

हालांकि देश में पोलियो इरेडिकेशन प्रोग्राम से वाइल्ड पोलियो वायरस से मुक्ति मिल चुकी है, लेकिन इस दिशा में निरंतर प्रयास करते रहना जरूरी है। वर्ल्ड पोलियो डे (24 अक्टूबर) के अवसर पर जानिए इस बारे में यूजफुल सजेशंस।

पोलियो से बचाव के लिए सतर्कता बरतना है जरूरी

पोलियो को चिकित्सा विज्ञान में पोलियोमाइलाइटिस कहा जाता है। यह बीमारी पोलियो वायरस के कारण होती है, जो मुख्य रूप से मुंह के रास्ते शरीर में प्रवेश करता है और आंतों में अपनी संख्या बढ़ाता है। कुछ मामलों में वायरस रक्त के माध्यम से केंद्रीय तंत्रिका तंत्र तक पहुंचकर उन तंत्रिका कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकता है, जो मांसपेशियों की गतिविधियों को नियंत्रित करती हैं। इससे मांसपेशियों में कमजोरी या स्थाई लकवा हो सकता है। कुछ मामलों में यह सांस की मांसपेशियों को भी प्रभावित करता है, जिससे जान भी जा सकती है।



बच्चों को ज्यादा रिस्क: पोलियो एक गंभीर संक्रामक बीमारी है। इसे 'बच्चों का लकवा' भी कहा जाता है। हालांकि यह बीमारी किसी भी उम्र के व्यक्ति को हो सकती है, लेकिन पांच साल से कम उम्र के बच्चों में इसका खतरा अधिक होता है। लगभग 200 संक्रमित बच्चों में से किसी एक में गंभीर रूप दिखता है, यानी पैरालिटिक पोलियो। लकवाग्रस्त बच्चों में से 5 से 10 प्रतिशत की मौत भी हो सकती है।

क्या है स्थिति: डब्ल्यूएचओ के अनुसार वैक्सीन की बदौलत आज दुनिया भर में पोलियो की बीमारी लगभग खत्म हो चुकी है। भारत में भी 'दो बूंद जिंदगी की' संदेश लेकर चला पल्स पोलियो अभियान काफी कारगर रहा। फिर भी इसके वाइल्ड पोलियो वायरस और वैक्सीन डिराइव्ड पोलियो वायरस का खतरा कई देशों में अभी भी मौजूद है। इसीलिए भारत में रुटीन इम्यूनाइजेशन के तहत बच्चों को ओपीवी और आईपीवी की खुराकें दी जाती हैं और समय-समय पर पल्स पोलियो अभियान चलाए जाते हैं।

कैसे फैलता है: पोलियो वायरस इंसान के शरीर में मुंह के रास्ते दाखिल होता है। इसका मुख्य तरीका फीकल-ओरल रूट है, यानी दूषित पानी या खाना, साफ-सफाई की कमी, संक्रमित व्यक्ति के मल के संपर्क में आना। कभी-कभी खांसी या छींक के जरिए भी यह फैल सकता है। वायरस आंत में बढ़ता है और संक्रमित व्यक्ति के मल के जरिए हफ्तों तक बाहर निकलता रहता है। इसीलिए जहां सैनिटेशन कमजोर होता है, वहां यह तेजी से फैलता है।

रोग के लक्षण: पोलियो के ज्यादातर संक्रमित लोगों (लगभग 70 प्रतिशत से ज्यादा) में कोई लक्षण दिखते ही नहीं, लेकिन वे दूसरों को वायरस फैला सकते हैं। कुछ लोगों में हल्के लक्षण होते हैं। इनमें बुखार, थकान, सिरदर्द, उल्टी, गर्दन में अकड़न, हाथ-पैरों में दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी, गंभीर मामलों में हाथ या पैर में अचानक ढीलापन और लकवा होना।

पोलियो का इलाज: पोलियो का कोई प्रॉपर परफेक्ट इलाज नहीं है। एक बार लकवा हो जाए तो उसे ठीक नहीं किया जा सकता। इलाज सिर्फ सपोर्टिव होता है- आराम, दर्द की दवा, फिजियोथेरेपी, ब्रेसेस या कैलिपर्स और गंभीर मामलों में सांस के लिए वेंटिलेटर। इसीलिए रोकथाम ही सबसे कारगर उपाय है।

बचाव के उपाय: पोलियो से बचाव के लिए टीकाकरण और संक्रमण की रोकथाम बेहद महत्वपूर्ण हैं। पोलियो से बचने के लिए मुख्य रूप से दो प्रकार के टीकों का इस्तेमाल किया जाता है। ओरल पोलियो वैक्सीन (ओपीवी), जो मुंह में बूंदों के रूप में दी जाती है। इनएक्टिवेटेड पोलियो वैक्सीन (आईपीवी) यह इंजेक्शन के माध्यम से दी जाती है। बच्चों को समय पर इसकी सभी खुराकें दिलाएं। 5 साल से कम उम्र के हर बच्चे को ओपीवी की डोज पिलाएं, चाहे उसे पहले सारी खुराकें मिल चुकी हों। साफ-सफाई और स्वच्छता का ध्यान रखें। खाना खाने से पहले साबुन से हाथ धोएं। साफ और सुरक्षित पीने का पानी इस्तेमाल करें। पानी उबालकर या फिल्टर करके पिएं। *

प्रस्तुति: सृजन अरोड़ा

खबर संक्षेप

अग्रसेन भवन में अध्यात्म प्रयोगशाला कल से

हिसार। ब्रह्मलीन हृदयनारायण (योगीजी) की प्रेरणा से संचालित तप सेवा सुमिरन की सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रयोगशाला बदरी नारायण सेवाग्राम मेरठ निवासी डॉ. गोपाल शास्त्री के सान्निध्य में 23 से 29 अक्टूबर तक अग्रसेन भवन में स्वास्थ्य एवं अध्यात्म प्रयोगशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके मुख्य संयोजक प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला हैं। कैंप में मानसिक शांति, अपचन, गैस, कब्जियत, एसिडिटी, मोटापा, कोलेस्ट्रॉल वृद्धि से ग्रस्त होकर डायबिटीज, ब्लडप्रेशर, हार्ट अटैक, मानसिक तनाव, अनिद्रा, डिप्रेशन का बिना दवा इलाज किया जाएगा।

ऐरोन ने राज्य स्तर पर जीता कांस्य पदक

हिसार। हाल में भिवानी में हुई हरियाणा राज्य सब जूनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता में ऐरोहैड बैडमिंटन एकेडमी, डाबड़ा के खिलाड़ी ऐरोन ने अंडर-17 डबल में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर अपना व एकेडमी का नाम रोशन किया है। कोच साहिल थरेजा ने बताया कि एकेडमी के सभी खिलाड़ी समय-समय पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मैडलों की बौछार करते रहते हैं। अब ऐरोन ने अपना दमदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतने में कामयाबी पाई। ऐरोन अब नेशनल स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। कोच साहिल थरेजा ने ऐरोन के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उसे बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

एनआई एक्ट मामले में पीओ घोषित महिला काबू

हिसार। शहर पुलिस ने एनआई एक्ट के मामले में अदालत द्वारा पीओ घोषित महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान ढाणी किशनदत निवासी शीला के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, अदालत के आदेशानुसार घोषित उद्घोषित अपराधियों और अन्य वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत थाना शहर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए महिला आरोपी शीला को गिरफ्तार किया।

आर्य समाज मॉडल टाउन का 74वां वार्षिकोत्सव देवयज्ञ के साथ शुरू

व्यक्ति अपनी कमाई का एक हिस्सा धार्मिक संस्थाओं में करें दान : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

आर्य समाज मॉडल टाउन का 74वां वार्षिकोत्सव बुधवार को देवयज्ञ के साथ प्रारंभ हुआ। यज्ञ में वीरेंद्र आर्य, राजकुमार डुडेजा, राजेंद्र भाटिया और मदन वासुदेवा सपत्नीक यजमान रहे। यजमानों के साथ उपस्थित आर्यजनों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ में आहुतियां डालीं। यज्ञ ब्रह्मा आचार्य सूर्यदेव वेदांशु ने ईश्वर भक्ति के भजनों के साथ यजमानों को आशीर्वाद दिया।

यज्ञ के उपरांत आर्य समाज के मंत्री पवन रावलवासिया ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उपस्थित आर्यजनों ने आर्य समाज की उन्नति, ओम ध्वज की प्रतिष्ठा और वेदों की ज्योति निरंतर प्रज्वलित रहने के जयघोष लगाए। इसके बाद मेरठ से आए पंडित अजय आर्य ने भजनों की प्रस्तुति दी। अजमेर से आए मुख्य प्रवक्ता आचार्य अंकित प्रभाकर ने अपने प्रवचन में यज्ञ में बोले जाने वाले इदन्न मम के महत्व को समझाया। आचार्य अंकित प्रभाकर ने कहा कि यज्ञ में स्वाहा के बाद इदन्न मम बोला जाता है, जिसका अर्थ है कि यह मेरा नहीं है। इस भाव का जीवन में भी पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपनी कमाई का एक हिस्सा धार्मिक संस्थाओं, सामाजिक कार्यों और पशु-पक्षियों की सेवा के लिए समर्पित करे। दान करते समय यह भाव रहना चाहिए कि यह धन केवल हमारा नहीं, बल्कि समाज के कल्याण में भी इसका उपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि माता-पिता के प्रति अपने दायित्वों को भी इसी भावना से निभाना चाहिए।

इस अवसर पर रामपाल आर्य, आनंद गर्ग, एडवोकेट सुरेंद्र बेरवाल, मांगेराम आर्य, अशोक गौतम, डॉ. ढांडी, एडवोकेट राज वर्मा, कर्मवीर शास्त्री, सीताराम आर्य, कंचन डुडेजा, वीना वासुदेवा, रेखा गौतम, सविता वेदांशु और सुप्रभा आर्य सहित सैकड़ों आर्यजन उपस्थित रहे।




हिसार। आर्य समाज मॉडल टाउन में आयोजित यज्ञ में आहुतियां डालते यजमान व कार्यक्रम में भजन प्रस्तुत करते आचार्य सूर्यदेव वेदांशु। फोटो : हरिभूमि

अग्रोहा धाम में वार्षिक मेला 25 को अंतिम चरण में तैयारियां, लगाई ड्यूटी

- अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गर्ग ने लगाई ड्यूटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

वैश्य समाज के प्रतिनिधियों की मीटिंग अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग की अध्यक्षता में हुई। इस मीटिंग में अग्रोहा धाम मेले बाबत ड्यूटी लगाई गई। अग्रोहा धामवैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने संबोधित करते हुए कहा कि अग्रोहा धाम में 25 अक्टूबर को विशाल वार्षिक मेले में अलग-अलग ड्यूटियां लगाई गई हैं। अग्रोहा धाम 25 अक्टूबर विशाल वार्षिक मेले की तैयारी जोरों पर चल रही हैं।

बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम मेले में आने-जाने के लिए 25 अक्टूबर को फ्री बस सेवा जिंदल पार्क क्लॉथ मार्केट, अग्रसेन भवन, परिजात चौक, आजाद नगर, पटेल नगर, मलिक चौक, पुरानी सब्जी मंडी, सैनियान मोहल्ला, 12 क्वार्टर रोड, अर्बन स्टेट, सेक्टर 14, नई अनाज मंडी व नई सब्जी मंडी से रहेगी। बजरंग गर्ग ने कहा कि ठहरने, खाने, पार्किंग व मंदिरों में दर्शन सहित हर प्रकार की व्यवस्था संस्था द्वारा की गई है। मेले में देश व प्रदेश भर से भारी संख्या में लोग भाग लेंगे।

25 को होगा भव्य प्रभु-कृपा समागम



हिसार। अग्रोहा धाम में 25 अक्टूबर को होने वाले भव्य प्रभु-कृपा समागम की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। स्वामी महाराज के आगमन के प्रति श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह है। सद्गुरुदेव के स्वागत के लिए अग्रोहा धाम को भव्य रुप से सजाया जा रहा है। साथ ही, विशिष्ट अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत की व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। आयोजकों के अनुसार, 25 अक्टूबर को सद्गुरुदेव श्रीकुमार स्वामी महाराज अग्रोहा धाम के वार्षिक मेले में विशिष्ट अतिथि के रुप में आएंगे। इसके पश्चात सायंकाल में होने वाले अद्भुत प्रभु-कृपा समागम में वे श्रद्धालुओं को अपना पावन सान्निध्य एवं आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

श्री कृष्ण प्रणामी के छात्रों ने हासिल किया दूसरा स्थान

- राखीगढ़ी महोत्सव की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सुमित दास, शिवानी और आशा ने ब्लॉक स्तर पर दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



राखीगढ़ी महोत्सव के तहत 19 अक्टूबर को आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक स्तर पर द्वितीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपने ज्ञान, बौद्धिक क्षमता और त्वरित निर्णय लेने के कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी महोत्सव में शामिल हुए।

श्री कृष्ण प्रणामी पब्लिक स्कूल की ओर से कक्षा 12वीं के विद्यार्थी सुमित दास और शिवानी तथा कक्षा 11वीं की छात्रा आशा ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। तीनों विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ब्लॉक स्तर पर दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि प्रश्नोत्तरी जैसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के ज्ञान में वृद्धि करने के साथ-साथ आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास को भी बढ़ावा देती हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति और समस्त शिक्षकों ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

शालू जिन्दल 'सीएसआर पर्सन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित

- 2300 से अधिक गांवों तक पहुंची हर कदम, महिलाओं को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



शालू जिंदल।

जिन्दल फाउंडेशन की चेयरपर्सन शालू जिन्दल को नई दिल्ली में आयोजित 19वें इंडिया सीएसआरलीडरशिप समिट एंड अवॉर्ड्स 2026 में 'सीएसआर पर्सन ऑफ द ईयर' अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। महिलाओं के स्वास्थ्य, मातृत्व देखभाल, पोषण और आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियों को देखते हुए जिन्दल को यह सम्मान प्रदान किया गया है। उनके नेतृत्व में जिन्दल फाउंडेशन की प्रमुख पहल हर कदम अब तक 2,300 से अधिक वंचित गांवों तक पहुंच चुकी है। इस पहल के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं, बेहतर पोषण, सुरक्षित मातृत्व और आर्थिक अवसरों से जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। हर कदम के तहत एनीमिया की जांच, उपचार और परामर्श के माध्यम से 9 लाख से अधिक किशोरियों को सहायता दी गई है। इसके अलावा 8.9 लाख से अधिक गर्भवती महिलाओं और हाल ही में मां बनी महिलाओं को प्रसव से पहले और बाद में जरूरी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इस पहल के तहत गंभीर कुपोषण से प्रभावित जिन बच्चों की पहचान की गई, उनमें से 90 प्रतिशत से अधिक बच्चों को स्वस्थ पोषण स्तर की ओर बढ़ने में मदद मिली है। कुल मिलाकर, इस पहल के माध्यम से अब तक 1.2 करोड़ से अधिक बार स्वास्थ्य और पोषण संबंधी सहायता उपलब्ध कराई गई है।

खांडाखेड़ी स्कूल की प्रतिभा व साक्षी ने बढ़ाया क्षेत्र का गौरव



छात्र प्रतिभा।



छात्रा साक्षी।

नारनौंद। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खांडाखेड़ी की छात्राओं ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा मार्च 2025 की माध्यमिक परीक्षा में शानदार उपलब्धि हासिल करने वाली छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए हैं। विद्यालय की छात्रा प्रतिभा ने ग्रामीण राजकीय विद्यालय श्रेणी में जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इसके साथ ही छात्रा को परीक्षा में शीर्ष 0.1 प्रतिशत विद्यार्थियों में स्थान प्राप्त करने पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया इसके लिए उनका विभाग की तरफ से प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय की छात्रा साक्षी को भी ग्रामीण राजकीय विद्यालय श्रेणी में शीर्ष 0.1 प्रतिशत विद्यार्थियों में स्थान प्राप्त करने पर उत्कृष्ट प्रदर्शन प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार यादव तथा विद्यालय के प्राचार्य प्रवीण कुमार एवं समस्त स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं, उनके अभिभावकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आदमपुर से हिसार और चोपटा रूट की बसें बंद, यात्री परेशान

- बिना ठोस कारण के पिछले दो महीने से बंद है बस सेवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर

क्षेत्र में हरियाणा रोडवेज की लचर व्यवस्था के चलते आमजन, विद्यार्थियों और दैनिक यात्रियों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। आदमपुर से हिसार और चोपटा रूट पर चलने वाली दो महत्वपूर्ण बसों के अचानक बंद होने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि विभाग की इस लापरवाही से जहां एक ओर यात्रियों की जेब पर डाका पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर रोडवेज को भी प्रतिदिन राजस्व का भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों और दैनिक यात्रियों ने रोष प्रकट करते हुए बताया कि आदमपुर से सुबह 9:10 मिनट पर हिसार के लिए जाने वाली हरियाणा रोडवेज की बस को पिछले दो महीने से बिना किसी ठोस कारण के बंद कर दिया गया है। यात्रियों ने बताया कि यह बस हमेशा सवारियों से भरी रहती थी, स्थिति यह होती थी कि बस में पैर रखने तक की जगह नहीं मिलती थी। उधर, चूली गढ़वाली, चूली कलां, चूली खुर्द और चूड़ी बागड़ी आदि गांवों के ग्रामीणों ने बताया कि सुबह हिसार से 7:50 पर आदमपुर-चूली होते हुए सत्तो की तरफ चोपटा के लिए बस चलती थी। इस बस में बड़ी संख्या में ग्रामीण, छात्र और आम लोग सफर करते थे। लेकिन अब इस बस के फेरे को छोटा कर इसे केवल 'चूली' तक ही सीमित कर दिया गया है, जिससे चोपटा जाने वाले यात्रियों को भारी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।



हिसार। पीएम नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपते जेजेपी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

जेजेपी ने गेहूं के एमएसपी में बढ़ोतरी पर पीएम के नाम भेजा 25 रुपये का बैंक ड्राफ्ट

हिसार। जेजेपी ने को जिला अध्यक्ष अनिल बालकिया के नेतृत्व में गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य में मात्र 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने इस बढ़ोतरी को किसानों के साथ मजाक बताते हुए विरोध स्वरूप प्रधानमंत्री के नाम 25 रुपये का बैंक ड्राफ्ट भी भेजा। इसके अलावा, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूचियों में सामने आई संभावित विसंगतियों की निष्पक्ष जांच और पात्र मतदाताओं के मताधिकार की सुरक्षा की मांग को लेकर भी अलग से ज्ञापन सौंपा गया। दोनों ज्ञापन जिला उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को भेजे गए। जेजेपी ने गेहूं के एमएसपी में 25 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी पर रोष जताते हुए कहा कि रबी विपणन वर्ष 2027-28 के लिए गेहूं का एमएसपी 2610 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर पूर्व चेयरमैन राजेंद्र लितानी, सत्यवान बिचपड़ी, राजमल काजल, अजीत ओडीम, गुलाब सिंह खेदड़, जिला प्रवक्ता रवि आहूजा, युवा जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा, राजेश झाझड़िया, सत्यवान कुहाड़, सुनील मूंड, विपिन गोयल, बबलू खटाना, जितेंद्र श्योराण, विजेंद्र धानक, सुरेंद्र कसवां, धर्म सिंह घोंसला, शमशेर ढुल, गौरव सैनी, तरुण गोयल, सुरेंद्र पानू आदि मौजूद रहे।

विकसित भारत 2047 के संकल्प को साकार करने में नर्सिंग स्टाफ की रहेगी अग्रणी भूमिका : डॉ. विजय

- गुजवि में बीएससी नर्सिंग विद्यार्थियों का पहला कैंडल लाइट शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। नर्सिंग विद्यार्थियों को कैंडल लाइट शपथ दिलाते कुलसचिव डॉ. विजय कुमार।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा है कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में नर्सिंग स्टाफ की अग्रणी भूमिका रहेगी। राष्ट्र तभी ऊर्जावान बनेगा, जब उसके नागरिक स्वस्थ होंगे। देश को स्वस्थ रखने में नर्सिंग स्टाफ का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। डॉ. विजय कुमार विश्वविद्यालय के बीएससी नर्सिंग विद्यार्थियों के पहले कैंडल लाइट शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। शिक्षण खंड चार के सेमिनार हॉल में आयोजित समारोह की अध्यक्षता नर्सिंग विभाग की चेयरपर्सन प्रो. सुमित्रा ने की, जबकि विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. यशपाल सिंगला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. यशपाल सिंगला ने कहा कि डॉक्टर रोगी को दवा देने के साथ उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, वहीं नर्सिंग स्टाफ रोगियों की देखभाल और उपचार प्रक्रिया में निरंतर सहयोग करता है। विश्वविद्यालय के उपनिदेशक जनसंपर्क डॉ. बिजेंद्र दहिया ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने मोमबत्ती की लौ के समक्ष नर्सिंग पेशे में सत्यनिष्ठा बनाए रखने और अपने कार्य को पूरी निष्ठा एवं समर्पण से करने की शपथ ली। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने विद्यार्थियों को शपथ दिलवाई। प्राचार्या डॉ. शिखा पाहुजा ने धन्यवाद संबोधन प्रस्तुत किया।

स्थापना दिवस लक्ष्यों पर प्रण लेने का मौका : वीसी

हिसार। गुजवि में स्थापना दिवस समारोह-2026 आध्यात्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान में हवन-यज्ञ एवं जम्भवाणी पाठ का आयोजन किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विश्वविद्यालय की निरंतर प्रगति, शैक्षणिक उत्कृष्टता और जनकल्याण की कामना की गई। आसमारोह में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विजय कुमार मुख्य यजमान रहे, जबकि कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का आयोजन गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान एवं सामान्य शाखा की ओर से आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा डीन अकादमिक के संयुक्त प्रयासों से किया गया।

बूथ स्तर का कार्यकर्ता भाजपा की सबसे बड़ी ताकत : डॉ. आशा

हिसार। भारतीय जनता पार्टी के हिसार विधानसभा क्षेत्र के जगन्नाथ शक्ति केंद्र की टिफिन बैठक नई मंडी स्थित पार्टी के वरिष्ठ नेता साधुराम बंसल एवं बूथ अध्यक्ष दीपक बंसल के प्रतिष्ठान पर हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने की। इसमें शक्ति केंद्र के बूथ अध्यक्षों, पालकों और अपेक्षित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने आपसी आत्मीयता के साथ टिफिन साझा कर भोजन किया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र की कार्यकारिणी ने डॉ. आशा खेदड़ को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। डॉ. आशा खेदड़ ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सभी बूथ अध्यक्षों को अपने-अपने बूथ की कार्यकारिणी की सूची जल्द तैयार कर ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश दिए। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. आशा खेदड़ ने कहा कि बूथ स्तर का कार्यकर्ता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और भाजपा का संगठनात्मक ढांचा पन्ना इकाई तक मजबूत है।



हिसार। बैठक में उपस्थित भाजपा जिला अध्यक्ष एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

न्यूज डायरी



कॉसमॉस स्कूल के छात्रों ने लहराया परचम

हिसार। कॉसमॉस पब्लिक स्कूल, गंगवा के दसवीं कक्षा के होनहार छात्र लक्ष्यवीर ने 53वीं जूनियर हरियाणा राज्य तैराकी चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो कांस्य पदक जीतकर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। लक्ष्यवीर की इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय को गौरवान्वित किया है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर की तैराकी प्रतियोगिता के लिए भी उनका मार्ग प्रशस्त कर दिया है। उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सर्वत्र सराहना हो रही है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष महेंद्र सिंह पायल तथा प्रधानाचार्य हितेश बाबल ने लक्ष्यवीर को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि लक्ष्यवीर जैसे प्रतिभावान छात्र अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और विद्यालय हमेशा ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करता रहेगा।



अग्रोहा में आरएसएस ने मनाया दशहरा उत्सव

हिसार। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, अग्रोहा खंड की ओर से विजयादशमी उत्सव आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता सुनील तिवारी मुख्य वक्ता रहे, जबकि अध्यक्षता डॉ. बलकार पूनिया ने की। इस अवसर पर सोनू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति और स्वयंसेवक उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता अधिवक्ता सुनील तिवारी ने विजयादशमी पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व सत्य की असत्य पर और धर्म की अधर्म पर विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि समाज में राष्ट्रहित, सामाजिक समरसता और अनुशासन की भावना को मजबूत करना आवश्यक है।



शक्ति केंद्र प्रमुख भाजपा की रीढ़ की हड्डी : लोहान

नारनौंद। नारनौंद विधानसभा के शक्ति केंद्र बुडाना में भाजपा की संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान एवं नारनौंद मंडल अध्यक्ष कर्ण पाल दुहन उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता शक्ति केन्द्र प्रमुख जोगिंद्र ढांडा ने की। बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों तथा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संगठन को मजबूत करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। साथ ही बूथ स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया।

इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष राहुल, बूथ अध्यक्ष राजपाल, बूथ अध्यक्ष राजेश सहित बुडाना गांव के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



हरियाणा व्यापार मंडल के चेयरमैन का बास में स्वागत

नारनौंद। हरियाणा व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेश ठकराल के बास गांव पहुंचने पर ग्रामीणों एवं स्थानीय गणमान्य लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। उनके आगमन को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह देखने को मिला। इस दौरान मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर मोर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। सभी ने राजेश ठकराल का स्वागत करते हुए उनके साथ विभिन्न सामाजिक एवं व्यापारिक विषयों पर चर्चा की। राजेश ठकराल का गांव में पहुंचने पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर मोर सहित अन्य ग्रामीण महंत भोला गिरी, कपिल वत्स, हरिओम भारद्वाज, बाबा पाल, सुरेश, विपिन, राकेश, तथा अनिल सेठ सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।



हिसार विस की शिकायतों का मौके पर किया समाधान

हिसार। भाजपा जिला कार्यालय में बुधवार को सीएम विंडो एमिनेंट सिटिजन, हिसार के तहत जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन राजकुमार इंदौरा ने हिसार विधानसभा क्षेत्र से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की और मौके पर ही उनके समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठाए। जनसंवाद के दौरान नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं। राजकुमार इंदौरा ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित मामलों पर विचार किया तथा शिकायतों का मौके पर समाधान करने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया। कार्यक्रम का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करना है।

खबर संक्षेप

स्मॉल वंडर स्कूल की छात्राओं ने जीते पदक

हिसार। सेक्टर-15 स्थित स्मॉल वंडर स्कूल की छात्राओं ने 13वीं गर्ल्स कराटे चैलेंज कप-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता में विद्यालय की कुल 32 छात्राओं ने भाग लिया। इनमें नायरा, निकिता सूरा और सांवी सिंह ने गोल्ड मेडल जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं मानवी, अरिवा गुप्ता, वेरोनिका, कनिका, नेत्रा, प्रवी कंबोज और सीरत ने सिल्वर मेडल हासिल किए। इसके अतिरिक्त ट्विंकल, तनिष्का, मन्नत, अनिका, आत्मजा, सांवी सिंह, चार्वी, नक्षिका, सांवी, काव्या, पर्णिका सिवाच, दिविशा वर्मा, राधिका, नव्या, प्रिशा दलाल, पिहू नेहरा, केनिशा और जैस्मिन ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर अपनी मेहनत और लगन का परिचय दिया। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय की प्राचार्या तरुणा मलिक एवं कोऑर्डिनेटर सोनिका बेनीवाल के नेतृत्व और मार्गदर्शन की विशेष सराहना की गई।

महाराजा अजमीढ़ जयंती व शरद पूर्णिमा 25 को

हिसार। स्वर्ण शक्ति नारी मंडल की ओर से महाराजा अजमीढ़ की जयंती एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर 25 अक्टूबर को ऋषि नगर स्थित बुधला संत मंदिर में भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में हिसार की विधायक सावित्री जिंदल मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत करेंगी, जबकि अध्यक्षता नगर पालिका, उकलाना की चेयरमैन रीमा सोनी करेंगी। मंडल की संयोजिका मधु मांडण ने बताया कि समारोह के अंतर्गत देवी भवन मंदिर के पिछले गेट से दोपहर बाद 2 बजे बुधला संत मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 251 महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर ढोल-नगाड़ों के साथ यात्रा में शामिल होंगी।

मोक्ष वृद्धाश्रम में गूंजे जय श्रीराम के जयकारे

हिसार। मोक्ष वृद्धाश्रम में विजयादशमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बुजुर्ग माताओं व स्टाफ सदस्यों ने अपने हाथों से रावण के पुतले का निर्माण किया और विधि-विधान के अनुसार भगवान की आराधना करते हुए पुतले का दहन किया गया। कैमरी रोड पर स्थित मोक्ष वृद्धाश्रम के सामने स्थित खुले प्रांगण में पुतले का दहन किया गया। दहन होते ही मोक्ष वृद्धाश्रम श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर सभी बुजुर्गों में मिठाइयों का वितरण भी किया गया। इस दौरान मोक्ष वृद्धाश्रम की संरक्षक मां पंकज संधीर, प्रधान विजय भृगु, समस्त बुजुर्ग व स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

चेक बाउंस मामले में पीओ घोषित आरोपी गिरफ्तार

हिसार। चेक बाउंस के मामले में अदालत में लगातार अनुपस्थित रहने पर पीओ घोषित किए गए दिनेश कुमार को शहर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, चेक बाउंस के मामले में लगातार अदालत में पेश नहीं होने के चलते दिनेश कुमार को अदालत ने उद्घोषित अपराधी घोषित किया था।

गुरुग्राम-नूंह में निजी कंपनी को 25 साल का लाइसेंस देने का विरोध

बिजली वितरण का समानांतर लाइसेंस देने के फैसले का विरोध, कर्मचारियों ने जलाईं प्रतियां

- 22 से 24 अक्टूबर तक प्रदेशव्यापी हड़ताल का किया ऐलान



हिसार। आयोग के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन करते कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों ने सिविल लाइन सब डिवीजन, राजगढ़ रोड स्थित उपमंडल अधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने हरियाणा विद्युत नियामक आयोग (एचईआरसी) द्वारा गुरुग्राम और नूंह में बिजली वितरण के लिए निजी कंपनी ईलवन पावर प्राइवेट लिमिटेड को समानांतर लाइसेंस देने के फैसले की प्रतियां जलाकर रोष जताया। प्रदर्शन की अध्यक्षता अनुबंधित कर्मचारी संघ के जिला प्रधान सुमित कुमार ने की, जबकि संचालन सब यूनिट सचिव जय कुमार ने किया। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए मोर्चा के राज्य सचिव दलीप सोनी और राज्य कमेटी सदस्य एवं सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक सैनी ने कहा कि फैसले के विरोध में 22, 23 और 24 अक्टूबर को बिजली कर्मचारी और अधिकारी प्रदेशव्यापी हड़ताल करेंगे। उन्होंने सरकार से निजी कंपनी को दिया गया समानांतर लाइसेंस रद्द करने की मांग की। उधर, इनेलो प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा ने गुरुग्राम और नूंह में निजी कंपनी को बिजली वितरण का समानांतर लाइसेंस देने के फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे आम जनता के हितों के खिलाफ बताया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों में पूंजीपतियों के हितों को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि आम उपभोक्ताओं, किसानों और गरीब परिवारों की समस्याओं की अनदेखी हो रही है। बिजली जैसी बुनियादी सुविधा को मुनाफे का माध्यम बनाने से भविष्य में जनता की मुश्किलें बढ़ सकती हैं।

हांसी में भी जताया विरोध

हांसी। गुरुग्राम और नूंह में समानांतर बिजली वितरण लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया के विरोध में हरियाणा बिजली कर्मचारी संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर बुधवार को बिजली कर्मचारियों ने लाइसेंस के ड्राफ्ट की प्रतियां जलाकर प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए निजीकरण की प्रक्रिया वापस लेने की मांग की। बिजली कर्मचारी और अभियंता सुबह कार्यालय के सामने एकत्रित हुए। प्रदर्शन की संयुक्त अध्यक्षता प्रधान सुरेंद्र हुड्डा और राजेश बत्रा ने की, जबकि संचालन सचिव शिवेंद्र सैनी ने किया। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के नेता सुरेंद्र यादव, राज्य कैशियर अनिल पहल और प्रवक्ता विकास नेहरा ने कहा कि सरकार ने निजीकरण की नीति को आगे बढ़ाते हुए गुरुग्राम और नूंह में इलेवन पावर इंफ्रा कंपनी को बिजली वितरण लाइसेंस देने की प्रक्रिया शुरू की है। इसके विरोध में मोर्चा पहले ही आंदोलन का ऐलान कर चुका है। प्रदर्शन को कार्यकारी अभियंता सुरेंद्र मेहरा, एसडीओ मोहनलाल जांगड़ा, एसडीओ प्रमोद कुमार, एसडीओ सुनील कुमार, सचिव जोनी कुमार, सुनील यादव, मदनलाल, नवीन आहलूवालिया, नरेंद्र कुमार, अमीरचंद जांगड़ा सहित अन्य कर्मचारियों ने संबोधित किया।





निजीकरण के विरोध में थर्मल खेड़ में प्रदर्शन

बरवाला। हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर राजीव गांधी थर्मल पावर प्लांट, खेदड़ के कॉलोनी गेट पर विशाल धरना-प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन के दौरान बिजली वितरण के निजीकरण से संबंधित आदेशों की प्रतियां जलाकर सरकार एवं हरियाणा बिजली नियामक आयोग के फैसले के खिलाफ जोरदार रोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों ने 22, 23 एवं 24 अक्टूबर 2026 को प्रदेशभर में होने वाली तीन दिवसीय पूर्ण हड़ताल में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा इसे सफल बनाने का संकल्प लिया। प्रदर्शन की संयुक्त अध्यक्षता यूनिट प्रधान शमशेर सिंह एवं यूनिट प्रधान राजवीर सोनी ने की, जबकि मंच का संचालन दलजीत पंघाल, राज्य प्रधान ने किया।

भाजपा ने हरियाणा का नाश किया अब पंजाब की बारी : सांसद जेपी

- कहा- बेर को अंगूर बताकर लोगों को बहकाने का काम करते हैं भाजपा वाले



हिसार। पत्रकारों से बातचीत करते सांसद जयप्रकाश, पर्यवेक्षक गीता भुक्कल व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के दो साल पूरे होने पर कांग्रेस ने चुनावी वादों के क्रियान्वयन को लेकर सरकार से जवाब मांगा है। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से बुधवार को कांग्रेस भवन में पत्रकार वार्ता में सांसद जयप्रकाश ने बेरोजगारी, सरकारी भर्तियों, किसानों, महिलाओं और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े मुद्दे उठा सरकार से दो साल का वादावार हिसाब सार्वजनिक करने की मांग की।

झज्जर की विधायक एवं पर्यवेक्षक गीता भुक्कल ने छात्रवृत्ति और दलित समाज के अधिकारों से जुड़े सवाल उठाए, जबकि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बृज लाल बहबलपुरिया ने हिसार सहित पूरे प्रदेश के जनहित के मुद्दों पर सरकार की जवाबदेही तय करने की बात कही। सांसद जेपी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा का तो नाश कर दिया अब पंजाब का नाश करने चल पड़े। प्रदेश में किसान बदहाल है, मंडियों में एमएसपी फसल खरीद नहीं हो रही। सीएम सैनी हरियाणा आकर पहले इन्हें संभाल लें। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा वाले बेर को अंगूर बताकर लोगों को बहकाते हैं। सांसद जयप्रकाश ने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने जनता से अनेक वादे किए थे। अब सरकार को बताना चाहिए कि इनमें से कितने वादे पूरे हुए और कितने अभी लंबित हैं। इस अवसर पर उकलाना के विधायक नरेश सेलवाल, अनिल मान, पूर्व चेयरमैन राजेंद्र सूरा, रत्न कुमार बडगूजर, सोनू लंकेश, सोवीन भाटला, विकास ढांडा, भीम सिंह, रमेश श्योराण, जगदीश इंदौरा, कुलदीप सिंह, दया पाल भड़िया, बीरमति सरोहा, संतोष जून आदि मौजूद रहे।

हिसार में 25 को लगेगी ग्रीन एनर्जी प्रदर्शनी

हिसार। हरियाणा ग्रीन एनर्जी रोडशो के तहत 25 अक्टूबर को हिसार में ग्रीन एनर्जी प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। महाराजा अग्रसेन भवन के पास स्थित पुराना राजकीय महाविद्यालय ग्राउंड में सुबह 10 से सायं 5 बजे तक होने वाली इस प्रदर्शनी में सौर ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, बैटरी स्टोरेज और ऊर्जा दक्षता से जुड़ी आधुनिक तकनीकों की जानकारी मिलेगी। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि हरियाणा ऊर्जा मंत्रालय के सह-आयोजन में होने वाली प्रदर्शनी का उद्देश्य उद्योगों, व्यापारियों, उद्यमियों, किसानों और आम नागरिकों को हरित ऊर्जा के प्रति जागरूक करना है। यहां ऊर्जा बचत, बिजली की लागत कम करने और पर्यावरण संरक्षण में उपयोगी तकनीकों एवं समाधानों को प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी उद्योग संचालकों और व्यवसायियों को अपनी जरूरत के अनुसार सौर ऊर्जा प्रणाली, ईवी चार्जिंग सुविधाओं और बैटरी समाधानों की जानकारी हासिल करने का अवसर देगी। इसके अलावा ग्रीन एनर्जी उत्पादों के विक्रेता और सेवा प्रदाता अपने उत्पाद संभावित ग्राहकों के सामने प्रस्तुत कर नए व्यावसायिक संपर्क बना सकेंगे।

राखीगढ़ी महोत्सव की 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अरमान और नेहा प्रथम

- सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सजी महोत्सव की शाम



नारनौंद। विजेताओं को सम्मानित करते बीईओ जोगिंद्र सिंह मलिक व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

अंतरराष्ट्रीय राखीगढ़ी महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, वहीं विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन कर महोत्सव में रंग भर दिए। महोत्सव के दौरान 100 मीटर दौड़, मटका दौड़, बोरी दौड़, नींबू-चम्मच दौड़ और लंबी कूद सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करने का अवसर मिला। लड़कों की 100 मीटर दौड़ में अरमान ने प्रथम, अंशुल ने द्वितीय और रवि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में नेहा प्रथम, एकता द्वितीय और दिव्या तृतीय स्थान पर रहीं। मटका दौड़ प्रतियोगिता में सीमा ने पहला, कविता ने दूसरा और प्रीति ने तीसरा स्थान हासिल किया। बोरी दौड़ प्रतियोगिताओं में भी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। लड़कियों की बोरी दौड़ में मयंक ने प्रथम, याशिका ने द्वितीय और अमनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, लड़कों की बोरी दौड़ में अंकुश प्रथम, सौरभ द्वितीय और राधे तृतीय स्थान पर रहे। नींबू-चम्मच दौड़ प्रतियोगिता में कविता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इशु द्वितीय और अंजू तृतीय स्थान पर रहीं। लड़कियों की लंबी कूद प्रतियोगिता में सुनिधि ने पहला, मुस्कान ने दूसरा और अंतिम ने तीसरा स्थान हासिल किया। लड़कों की लंबी कूद प्रतियोगिता में यम ने प्रथम, शक्ति ने द्वितीय और नवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

होली चाइल्ड स्कूल के गर्वित व सक्षम ने ओलंपियाड में लहराया परचम



हिसार। प्रतिभाशाली विद्यार्थी स्कूल के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु के साथ।

- हिंदू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसाइटी ने करवाई स्पर्धा

हिसार। होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों गर्वित और सक्षम ने नेशनल लेवल एंटरप्रेन्योरशिप एक्सीलेंस ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सोनीपत की हिंदू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। दोनों विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, रचनात्मक सोच और उद्यमशील दृष्टिकोण का परिचय देते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश भर से स्कूलों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में तमिलनाडु के नागापट्टिनम के चिन्मय विद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि होली चाइल्ड स्कूल ने दूसरा स्थान अर्जित किया। कक्षा दसवीं (जीनियस) के विद्यार्थी गर्वित ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर 7,500 रुपये का नकद पुरस्कार जीता। वहीं, कक्षा 7वीं (जीनियस) के विद्यार्थी सक्षम ने चतुर्थ स्थान हासिल कर 2,100 रुपये का नकद पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आर. एस. सिंधु ने दोनों विद्यार्थियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

राजकीय महाविद्यालय में मंडल स्तरीय रोजगार मेला 24 को

- युवाओं के लिए सुनहरा अवसर, 33 कंपनियां लेंगी हिस्सा

हिसार। गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की ओर से आगामी 24 अक्टूबर को एक मंडल स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग के प्रायोजन में आयोजित होने वाले इस मेले में हरियाणा के पांच जिलों के युवाओं को रोजगार पाने का बेहतरीन अवसर मिलेगा। इस मेगा जॉब फेयर में विभिन्न क्षेत्रों की 33 प्रतिष्ठित कंपनियां भाग ले रही हैं, जो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेकर उनकी योग्यता के अनुसार चयन करेंगी।

सावित्रीबाई फुले ब्लॉक में होगा कार्यक्रम

महाविद्यालय परिसर स्थित सावित्रीबाई फुले ब्लॉक में आयोजित होने वाला यह रोजगार मेला प्रातः 9:30 बजे से शुरू होकर दोपहर 3:30 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद के स्टेट प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रो. आर. एस. राठौर विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। वहीं, हरियाणा उच्चतर शिक्षा विभाग, पंचकूला के महानिदेशक श्री एस. नारायणन मुख्य संरक्षक तथा महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अंजू चौधरी संरक्षक के रूप में अपना मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।

युवाओं को करियर में दिशा देने का मौका

महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. अंजू चौधरी ने बताया कि इस रोजगार मेले का मुख्य उद्देश्य केवल युवाओं को नौकरी दिलाना ही नहीं, बल्कि उन्हें विभिन्न कंपनियों की वर्तमान आवश्यकताओं, इंटरव्यू प्रक्रिया और व्यावसायिक संभावनाओं से रूबरू कराना भी है। इस आयोजन से युवाओं को अपनी शैक्षणिक योग्यता और कौशल के अनुरूप उचित रोजगार प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

क्षेत्र और देश का नाम चमकाया

मिर्चपुर अकादमी के पहलवान चंद्र मोहन ने अमेरिका में जीता कांस्य



नारनौंद। अमेरिका में आयोजित अंडर-23 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में मिर्चपुर की शहीद भगत सिंह अंतरराष्ट्रीय कुश्ती अकादमी मिर्चपुर के पहलवान चंद्र मोहन ने कांस्य पदक जीतकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। 79 किलोग्राम भार वर्ग की फ्रीस्टाइल कुश्ती में चंद्र मोहन ने दमदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिकी पहलवानों को शिकस्त दी और पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से मिर्चपुर सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

अकादमी के कोच अजय पहलवान ने बताया कि 14 से 18 अक्टूबर तक अमेरिका के लास वेगास में आयोजित इस चैंपियनशिप में दुनिया के विभिन्न देशों के पहलवानों ने हिस्सा लिया। चंद्र मोहन ने प्रतियोगिता के दौरान अपने खेल, दमखम और तकनीक से प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी चुनौती दी। मुकाबलों में अमेरिकी पहलवानों को हराकर उन्होंने सेमीफाइनल में जगह बनाई। हालांकि, सेमीफाइनल में ईरान के पहलवान के खिलाफ उन्हें बेहद करीबी मुकाबले में 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस मुकाबले में जीत से चंद्र मोहन केवल एक अंक दूर रह गए। इसके बाद उन्होंने कांस्य पदक जीतकर अपनी मेहनत को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि केवल अकादमी ही नहीं, बल्कि हरियाणा और देश के लिए भी गर्व की बात है। कोच जय भगवान राठौर ने बताया कि चंद्र मोहन के अकादमी पहुंचने पर उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा।



डीसी ने बरवाला और उकलाना अनाज मंडियों का किया निरीक्षण

बरवाला/उकलाना। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बुधवार को बरवाला और उकलाना की अनाज मंडियों का दौरा कर फसल खरीद व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मंडियों में खरीद कार्य की प्रगति की समीक्षा की और किसानों व आढ़तियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं एवं मंडियों में उपलब्ध व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में फसल खरीद का कार्य सुचारू, पारदर्शी और व्यवस्थित ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल की खरीद निर्धारित मापदंडों के अनुसार की जाए तथा खरीद प्रक्रिया में अनावश्यक देरी न हो। इसके साथ ही मंडियों में फसल की आवक, खरीद, उठान और संबंधित रिकॉर्ड की नियमित निगरानी की जाए, ताकि पूरी प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से संपन्न हो सके। इस अवसर पर बरवाला एसडीएम अश्वीर नैन, मार्केट कमेटी अध्यक्ष प्रवीण सैनी सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

- खरीद व्यवस्था का लिया जायजा, किसानों और आढ़तियों से की बातचीत

परम मित्र कन्या विद्या निकेतन विद्यालय के विद्यार्थी छाए

नारनौंद। राखीगढ़ी महोत्सव में पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग हरियाणा द्वारा आयोजित प्रतिस्पर्धा में परम मित्र कन्या विद्या निकेतन विद्यालय के शिक्षार्थियों ने भाग लेते हुए शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। रंगोली प्रतियोगिता में कुमारी साक्षी एवं कुमारी साइना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में कुमारी अंतिम ने द्वितीय स्थान, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विद्यालय की टीम साक्षी,निशांत एवं मनमीत ने तृतीय स्थान, 100 मीटर दौड़ लड़को के वर्ग में प्रथम स्थान अरमान दुहन, द्वितीय स्थान अंश एवं रवि ने तृतीय स्थान अर्जित किया। 100 मीटर दौड़ लड़की वर्ग में कुमारी एकता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। होनहार विद्यार्थियों की शानदार उपलब्धि पर विद्यालय की कार्यकारिणी समिति की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु, निदेशक सुभाष श्योराण, संयोजक प्रवीण परूथी ने छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए इसी तरह भविष्य में भी प्रदर्शन जारी रखने का संदेश दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

आईजीपी व एसपी ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर जवानों को दी श्रद्धांजलि

देश और समाज के लिए प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों के परिवार सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पुलिस शहीदी दिवस पर पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें आईजीपी कुलदीप सिंह और पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने पुष्प अर्पित कर देश और समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर पुलिस जवानों को नमन किया। इस दौरान नौ शहीद परिवारों को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। शहीद परिवारों को सम्मानित करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। परिजनों की उपस्थिति से कार्यक्रम भावपूर्ण हो गया। कार्यक्रम में शहीद सिपाही सज्जन सिंह की पत्नी किरोड़ी निवासी सुमित्रा देवी, शहीद सिपाही ओमप्रकाश की पत्नी बधावड़ निवासी केलो देवी, शहीद सिपाही बरवाला निवासी रामेश्वर दास की पत्नी चंद्रमुखी, शहीद सिपाही मोहब्बतपुर निवासी दले सिंह की पत्नी मुन्नी देवी, शहीद सिपाही अग्रोहा निवासी बलजीत की पत्नी कमलेश, शहीद सिपाही आदमपुर निवासी सुभाष की पत्नी सावित्री देवी, शहीद सिपाही सिवानी बोलान निवासी विनोद कुमार की पत्नी रेखा देवी, गोरछी निवासी शहीद सिपाही भागीरथ की पत्नी कुसुम देवी व सारंगपुर निवासी सिपाही सुरेंद्र सिंह की पत्नी कौशल्या देवी को शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एएसपी मयंक मुद्गिल, एएसपी सुनील कुमार, डीएसपी मुख्यालय कंवलजीत सिंह, डीएसपी बरवाला सुमित कुमार, डीएसपी महिला सुरक्षा प्रिया शर्मा और डीएसपी अग्रोहा किशोरी लाल सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।



शहीद हमारे प्रेरणास्रोत, युवा पीढ़ी उनके जीवन और बलिदान से ले प्रेरणा : एसपी



हांसी। पुलिस स्मृति दिवस पर बुधवार को पुलिस लाइन स्थित शहीद स्मारक पर कार्यक्रम आयोजित कर देश की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के दौरान सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिस एवं अर्धसैनिक बलों के 154 जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार और उपायुक्त राहुल नरवाल ने पुष्पचक्र अर्पित कर शहीदों को नमन किया। पुलिस जवानों ने परेड कर सलामी दी, जबकि उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रखकर शहीदों के बलिदान को याद किया। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज और हरियाणा पुलिस के ध्वज को आधा झुकाकर शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया। एडीसी लक्षित सरीन, सीटीएम हिमांशु चौहान, डीएसपी विनोद शंकर, देवेंद्र नैन और दिनेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम में जिला हांसी के शहीद जवानों के परिवारों को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। एसपी विनोद कुमार और डीसी राहुल नरवाल ने शहीद सिपाही जस्सा राम की पत्नी छनो देवी, शहीद सिपाही टेकराम की पत्नी संतोष देवी, शहीद उपनिरीक्षक नरेंद्र की पत्नी आशा देवी और शहीद सिपाही प्रदीप कुमार की पत्नी कविता को सम्मानित किया।